# बंदूक की नोंक पर एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## सांगानेर थाना इलाके में स्कोर्पियो सवार बदमाशों ने किया था युवक का अपहरण

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर एक करोड़ रुपए की भारी-भरकम फिरौती मांगने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो बदमाशों को दबोचा है। वही इस कार्रवाई में दो आरोपी स्कॉर्पियों छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियों जब्त कर फरार दोनो अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरु कर दी है।

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रियकांत मीणा उर्फ गोलू (21) निवासी सदर (दौसा) और जसमीत सिंह बग्गा (25) निवासी कोतवाली (सवाई माधोपुर) के रूप में हुई है। वहीं इस मामले में शामिल दो अन्य मुख्य आरोपी दिलखुश मीणा और आशीष उर्फ बंटी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि पीड़ित युवक ने सांगानेर थाने में 13 मई को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मई की शाम वह अपने दोस्त से मिलने मालवीय नगर जा रहा था। जब मैं प्रभुदयाल मार्ग पर पहुंचा। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आकर रुकी। गाड़ी से 4-5 लड़के नीचे उतरे, उन्होंने आते ही मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी और जबरन खींचकर स्कॉर्पियो के अंदर डाल दिया। गाड़ी में बैठते ही उन्होंने पीड़ित कि आंखों पर पट्टी बांध दी ताकि वो रास्ता न देख सके। गाड़ी के भीतर बदमाशों ने उसका फोन छीन लिया और फिरौती के लिए दबाव बनाने लगे। एक बदमाश ने चिल्लाकर कहा, इसका फोन दूसरी गाड़ी में दे दो, वहां चेक कर लेंगे।" इसके बाद उन्होंने एक करोड़ रुपए की डिमांड की। जब युवक ने मना किया तो बदमाशों ने बेल्ट से उसकी बेरहमी से पिटाई की। तभी दूसरे बदमाश ने 50 लाख रुपए का इंतजाम करने को कहा और पैसे नहीं मंगवाने पर बंदूक जान से मारने की धमकी दी। बदमाश युवक को बंधक बनाकर शहर से बाहर ले जाने की फिराक में थे, लेकिन इसी बीच पुलिस की गश्ती गाड़ी (चेतक) को पीछे आता देख किडनैपर्स के होश उड़ गए। पुलिस को पीछे देखकर बदमाश घबरा गए।

पकड़े जाने के डर से बदमाश युवक को चोटिल हालत में स्कॉर्पियो सहित सड़क पर ही छोड़कर गलियों के रास्ते फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज होने के महज कुछ ही दिनों के भीतर तकनीकी सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से दो आरोपियों को दबोच लिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गैंग ने पहले भी ऐसी कितनी वारदातों को अंजाम दिया।

- बदमाशों ने पहले 1 करोड़ और फिर 50 लाख रु. फिरौती मांगी, जमकर मारपीट भी की
- पुलिस की गश्ती जीप को पीछे आता देखकर युवक व गाड़ी को छोड़ भागे बदमाश
- दोनों अपहरणकर्ताओं की पहचान कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

# यूट्यूब से सीखा एटीएम तोड़ने का तरीका, दो बदमाश दबोचे

## वारदात अंजाम देने दिल्ली से जयपुर आए थे आरोपी



**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को तोड़कर कैश लूटने का प्रयास करने वाले दिल्ली-एनसीआर के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल, लोहे की बड़ी छिन्नी, भारी हथौड़ा, सफेद कपड़ा और ग्लव्स बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने एटीएम तोड़ने और कैश बॉक्स निकालने का तरीका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब से सीखा था। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को तोड़कर कैश लूटने का प्रयास करने वाले दिल्ली-एनसीआर के शातिर बदमाश रज्जद (23) निवासी पलमरवा जिला गिरडी (झारखंड) हाल गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) और उत्तम (30) निवासी दक्षिण दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस की सतर्कता से टली बड़ी बैंक लूट की वारदात

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने यूट्यूब से वीडियो और लिंक डाउनलोड कर एटीएम मशीन का लॉक तोड़ने और कैश बॉक्स निकालने की तकनीक सीखी थी। वारदात को अंजाम देने के लिए दोनों आरोपी पहले दिल्ली से हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी कर जयपुर पहुंचे थे। पहचान छिपाने के लिए उन्होंने चेहरे पर सफेद कपड़ा बांधा और हाथों में दस्ताने पहन रखे थे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि दोनों बदमाश दिल्ली, गाजियाबाद और जयपुर के अन्य इलाकों में भी एटीएम रेकी या चोरी की वारदातों में शामिल रहे हो सकते हैं।

थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि 15 मई की देर रात समाजकंटकों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। अतिरिक्त पुलिस पश्चिम उपायुक्त राजेश गुप्ता के सुपरविजन तथा सहायक पुलिस आयुक्त (झोटवाड़ा) आलोक कुमार सैनी के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज और रात के मूवमेंट के आधार पर दो संदिग्धों को घेराबंदी कर दबोचा।

# वाहन चोर और खरीददार गिरफ्तार

**जयपुर**। कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुख्य वाहन चोर और चोरी की बाइक खरीदकर ठिकाने लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले मुख्य आरोपी राहुल मीणा (23) निवासी जोबनेर जिला जयपुर और सुरेश कुमार भौचल्या (31) निवासी रेनवाल जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।



कालवाड़ थाना पुलिस ने वाहन चोर और खरीददारों के कब्जे से चुराई हुई 10 बाइक जब्त की।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राहुल मीणा मास्टर चाबी की मदद से बाजारों और सुनसान स्थानों से चंद सेकंड में बाइक चोरी कर लेता था। इसके बाद वह चोरी की बाइकें सुरेश कुमार भौचल्या को सस्ते दामों में बेच देता था। सुरेश कुमार भौचल्या इन वाहनों को चाकसू और नांगल सिरस क्षेत्र के जंगलों व सुनसान स्थानों पर छुपाकर रखता था, ताकि बाद में उन्हें खपाया जा सके। पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों को उम्मीद है कि पूछताछ में जयपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई कई अन्य वाहन चोरियों के मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

# दिनदहाड़े सूने मकान में हाथ साफ करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। नाहरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिनदहाड़े सूने मकान में हाथ साफ करने वाले एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई पूरी रकम भी बरामद कर ली है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि नाहरगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी करने वाले एक शातिर नबकजन इब्राहिम (22) को गिरफ्तार किया है। आरोपित मूल रूप से नाहरी का नाका शास्त्रीनगर जयपुर का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन के समय रिहायशी इलाकों में घूमकर सुनसान और सूने मकानों की रेकी करता है और मौका मिलते ही चंद मिनटों में वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता है। थानाधिकारी दशरथ ने बताया कि



आरोपी इब्राहिम

पकडा गया आरोपी इब्राहिम आदतन अपराधी और शातिर नकबजन है। उसके खिलाफ पूर्व में भी जयपुर के विभिन्न थानों (विशेषकर शास्त्री नगर) में चोरी, आरपीजीओ और एनडीपीएस एक्ट के तहत करीब 5 से 6 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत, दो साथी घायल

**जयपुर**। गलता गेट थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी मामूली घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस ने बस को जब्त कर चालक को राउंडअप कर लिया है। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि हादसे में रामगंज स्थित फूटा खुर्रा निवासी मोहम्मद रईस (21) पुत्र मुमताज अली की मौत हो गई। जो शुक्रवार देर रात अपने दो साथियों के साथ स्कूटी से गलता गेट से घर लौट रहा था। पुलिस के अनुसार धोबी घाट से निकलते समय पंजाब नंबर की एक बस के चालक ने स्कूटी को ड्राइवर साइड से ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान आगे मोड़ आने पर चालक ने बस को घुमाया, जिससे स्कूटी बस के टायर और डिवाइडर के बीच आ गई। हादसे में मोहम्मद रईस गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं स्कूटी पर सवार उसके दो साथियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मामले में बस को जब्त कर चालक से पूछताछ की जा रही है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी दोषमुक्त

**जयपुर**। खाटूश्यामजी दर्शन करने के बहाने से नाबालिग के साथ दुष्कर्म से जुड़े प्रकरण में पोक्सो एक्ट मामलों की विशेष अदालत में न्यायाधीश विकास खंडेलवाल ने अभियोजन कहानी को पूर्णतया विश्वसनीय एवं संदेहास्पद मानते हुए मेडिकल साक्ष्य के अभाव में मामले में आरोपी 21 वर्षीय विकास झींगनिया निवासी झोटवाड़ा को दोषमुक्त करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने मामले में लगाए आरोपों को युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में पूर्णतया असफल रहा।

एडवोकेट अजीत सिंह देवंदा, हर्ष गोस्वामी व निधि गुप्ता ने मामले में आरोपी रहे विकास झींगनिया की ओर से पैरवी करते हुए विशेष अदालत में बताया कि मामले में बिना कोई अपराध गठित हुए तथाकथित पीड़िता की माता परिवादिया ने एफ. आई. आर. 2025 में दर्ज कराई थी। अदालत में पेश हुए गवाहों ने अभियोजन की कहानी लेश मात्र भी संपुष्ट नहीं की है। करधनी पुलिस की कहानी व पत्रावली पर मौजूद तथ्यों में भारी विरोधाभास है, बिना किसी साक्ष्य व सबूत के तथाकथित घटना बताते हुए झूठे आरोप लगाए थे। अधिवक्ता अजीत सिंह देवंदा और हर्ष गोस्वामी ने न्यायालय को बताया कि मेडिकल साक्ष्य में (डी.एन.ए व एफ.एस.एल रिपोर्ट) कोई अपराध साबित नहीं हो रहा।

# मुख्य सचिव ने किया भामाशाह टेक्नो हब का दौरा

## आधुनिक सुविधाओं से स्टार्टअप्स को मिल रहा सशक्त मंच : वी. श्रीनिवास

**जयपुर** (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को झालाना, जयपुर स्थित भामाशाह टेक्नो हब का दौरा कर वहां संचालित स्टार्टअप्स, इनक्यूबेशन सेंटर तथा वहां किए जा रहे नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर्स से संवाद कर उनके स्टार्टअप्स, नवाचारों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने भामाशाह टेक्नो हब में मिल रही आधुनिक सुविधाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने इन्क्यूबेशन सेंटर, स्टार्टअप्स को उलब्ध करवाए जा रहे सीटिंग स्पेस, टिंकरिंग लैब, स्लीपिंग पॉड्स, कॉन्फ्रेंस हॉल, जिम्नेजियम, कैफेटेरिया आदि सुविधाओं की जानकारी ली।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को झालाना स्थित भामाशाह टेक्नो हब में युवा आंत्रप्रेन्योर्स से संवाद कर उनके स्टार्टअप्स, नवाचारों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में नवाचार एवं उद्यिमता को प्रोत्साहन देने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, जिससे स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने के व्यापक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आने वाले दिनों में इसे और गति दी जाएगी। उन्होंने (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथेमेटिक्स) शिक्षा को बढ़ावा देने, स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े विभागों के साथ लिंकेज बनाने और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ अधिक से अधिक एंगेजमेंट के अवसर प्रदान करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि अब स्टार्टअप्स को क्यूरेट कर अगले स्तर तक ले जाने की आवश्यकता है, ताकि वे रोजगार सृजन कर आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के प्रभावी माध्यम बन सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अधिकाधिक सेवाएं फिजिकल प्लेटफॉर्म से ई-प्लेटफॉर्म की ओर स्थानांतरित हो रही हैं, क्योंकि डिजिटल माध्यम बेहतर प्राइवेसी एवं डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसी दिशा में आईस्टार्ट राज्य सरकार का ऐसा सफल मॉडल है, जिसने प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को नई पहचान दी है। इस दौरान मुख्य सचिव ने परिवहन सुविधा आधारित स्टार्टअप , सस्टेनेबल फैशन आधारित तथा परफॉर्मेंस मार्केटिंग आधारित जैसे कई स्टार्टअप्स के नवाचारों की जानकारी ली। उन्होंने टिंकरिंग लैब का निरीक्षण कर 3-डी प्रिंटिंग की जानकारी ली तथा आरकेसीएल (राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के विद्यार्थियों से संवाद किया। इसी प्रकार उन्होंने एवीजीसी इन्क्यूबेशन लैब में स्टार्टअप (वर्चुअल रियलिटी) द्वारा विकसित स्पेक्टेकल्स आधारित यूनिक डिस्प्ले तकनीक अनुभव किया। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने कहा कि आईस्टार्ट कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में स्टार्टअप्स के लिए एक सशक्त भौतिक एवं संस्थागत वातावरण तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप्स को उचित मेंटरशिप, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# सूडान के दो विदेशी नागरिक ड्रग्स सहित गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर पुलिस ने सूडान के दो विदेशी नागरिकों को मादक पदार्थ एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि रामनगरिया थाना क्षेत्र स्थित एसके आईटी कॉलेज के गेट नंबर-3 के सामने घेराबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो विदेशी नागरिकों को रोककर तलाशी ली, उनके कब्जे से 11.95 ग्राम अवैध ड्रग जब्त की।

## सार-समाचार

### नेहल को 12वीं बोर्ड परीक्षा में ए-1 ग्रेड



**जयपुर** (कासं)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परिणाम में जयपुर निवासी नेहल को ए1 ग्रेड मिली है। केंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल मानसरोवर की छात्रा नेहल को अंग्रेजी, इतिहास, राजनैतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, योगा, कार्य अनुभव, शारीरिक शिक्षा, गणित और सामान्य ज्ञान समेत तमाम विषयों में ए1 ग्रेड मिली है। नेहल ने अपनी सफलता का श्रेय पिता नरेन्द्र कुमार व मां शालिनी शर्मा व परिवारजनों व शिक्षकों को दिया है।

### फोरम की नई टीम ने संभाली जिम्मेदारी




**जयपुर**। कभी केवल डेस्टिनेशन वेडिंग्स के लिए पहचाना जाने वाला राजस्थान अब देश की इवेंट इंडस्ट्री का अगला बड़ा केंद्र बनने को तैयार है। तेजी से बदलते इस लैंडस्केप के बीच फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार रात आमेर रोड स्थित एक होटल में हुआ। समारोह में पूर्व अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हितेंद्र शर्मा को कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और पद्म भूषण से सम्मानित प्रसिद्ध संगीतज्ञ विश्व मोहन भट्ट रहे। उनके साथ उनके पुत्र सलिल भट्ट भी कार्यक्रम ने उपस्थित थे। नई कार्यकारिणी में अजय चौहान और विनीत जैन ने उपाध्यक्ष, भुवनेश अग्रवाल (चावल वाला) ने जनरल सेक्रेटरी, कुलदीप सिंह ने कोषाध्यक्ष तथा सुनील विजयवर्गीय, यश माहेश्वरी, रोहित अजमेरा और अक्षत पुरोहित ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली। समारोह में पूर्व अध्यक्ष, महावीर प्रताप शर्मा, हरप्रीत बग्गा और इवेंट गुरु अरशद हुसैन सहित इवेंट, होटल, ट्रैवल और वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग शामिल हुए। इस अवसर पर इस साल आयोजित किए जाने वाले इंटरनेशनल वेडिग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव व इवेंटस्थान की भी घोषणा भी की गई।

### शिवदासपुरा में फर्नीचर फैक्ट्री में आग

**जयपुर**। शिवदासपुरा इलाके में शनिवार सुबह एक फर्नीचर फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दमकल विभाग को फैक्ट्री के बाहरी हिस्से की दीवार तोड़ने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। करीब 10 दमकल गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सीतापुरा फायर स्टेशन की फायर ऑफिसर ऊषा शर्मा ने बताया कि जगतपुरा के रामचंद्रपुरा विधानी स्थित रामचंद्र मोतीलाल नाम की फर्नीचर फैक्ट्री में शनिवार सुबह करीब सवा दस बजे जैसे ही फैक्ट्री खुली, उसके कुछ ही देर बाद अचानक चिंगारियां उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही कि आग भड़कते ही अंदर मौजूद सभी कर्मचारी और श्रमिक तुरंत बाहर भाग निकले, जिससे एक बड़ा जनहानि का हादसा टल गया। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में सूखी लकड़ी और तैयार फर्नीचर होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और आसमान में धुएं का गुबार छा गया।

### भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव मनाया



**जयपुर**। स्वेज़ फार्म स्थित श्री शनिदेव मंदिर में श्री शनिदेव का जन्मोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया जिसमें महंत भगवती प्रसाद ने बताया कि पुजारी राहुल शर्मा और पुजारी अंकित शर्मा ने भगवान शनिदेव का दूध अभिषेक और तेल अभिषेक कर नई पोशाक धारण करवाई तथा ठंडी शरबत व खीर इमरती का भोग लगाया। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। शाम को महाआरती का आयोजन बैंड-बाजे के साथ हुआ। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आयोजन की व्यवस्था में पुजारी अंकित शर्मा, राजापार्क मंडल उपाध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत, समाचार पत्र वितरक महासंघ के हनुमान सैनी, रोहित राजपूत, राकेश, प्रकाश, दिनेश, सुभाष तथा शिवसेना अध्यक्ष राहुल शर्मा उपस्थित रहे।

### पुष्पा गोस्वामी की जयन्ती पर कार्यक्रम

**जयपुर**। प्रौढ शिक्षा समिति में पिछले दिनों स्व.पुष्पा गोस्वामी की जयन्ती पर भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ। पारिवारिक लोगों में विशेषत कार्तिकेय, पल्लवी और दिनेश ने अच्छी खासी रुपरेखा तैयार की। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी, प्रतिष्ठित कवि और साहित्यकार हेमंत शेष ने कहा कि पुष्पाजी अच्छी कथाकार और उम्दा कवयित्री थी। उनका अधिकांश साहित्य संवेदनशील और भावपूर्ण रहा है। पुष्पाजी कहा करती थी कविता समय और सम्वेदनाओं की प्रतिध्वनि है। कार्तिकेय और पल्लवी का माँ के प्रतिआत्मीय भाव बहुत सराहनीय है। प्रसिद्ध साहित्यकार और चित्रकार अशोक आत्रेय ने कहा कि पुष्पाजी की सृजन धर्मिता काबिले तारीफ है। उन्होंने मरूधरा के मोती पुस्तक लिखकर राजस्थान की कला, संस्कृति और प्रतिभाओं और अधिक उजागर किया है।पुष्पा जी इस कृति की भूमिका मुझसे ही लिखवाई थी।वे कथा तरंग संस्था की सक्रिय सदस्य थी।

# बुजुर्ग की मौत के बाद सवाई मानसिंह अस्पताल में हंगामा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी के सबसे बड़े सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब इलाज के दौरान एक बुजुर्ग की मौत से आक्रोशित परिजनों ने रेजिडेंट डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के साथ विवाद करते हुए हंगामा कर दिया। आरोप है कि विवाद के दौरान एक परिजन ने वार्ड में फल काटने वाला चाकू उठाकर मेडिकल स्टाफ को डराने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची एसएमएस थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हंगामा कर रहे परिजनों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के अनुसार खैरथल-तिजारा निवासी 69 वर्षीय किशनलाल को पैरों में असहनीय दर्द की शिकायत पर गुरुवार रात करीब 12 बजे परिजन एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे थे। हालत गंभीर होने पर उन्हें देर रात कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) वार्ड में भर्ती किया गया। जांच में सामने आया कि मरीज के पैरों की नसें ब्लॉक थी।

- परिजनों ने किया रेजिडेंट डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टॉफ के साथ विवाद
- अस्पताल परिसर में चाकू लहराने से मची अफरा-तफरी

परिजनों का आरोप है कि मरीज रातभर दर्द से तड़पता रहा, लेकिन ड्यूटी स्टाफ ने सीनियर डॉक्टर के आने के बाद ही इलाज शुरू करने की बात कही। शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उनकी रेजीडेंट डॉक्टरों से तीखी बहस हो गई।

मेडिकल स्टाफ के मुताबिक विवाद के दौरान एक परिजन ने पास के बेड पर रखी टेबल से फल-सब्जी काटने वाला चाकू उठा लिया और वार्ड में लहराने लगा। इससे वहां मौजूद डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और मरीजों में दहशत फैल गई। अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला और संबंधित लोगों को पकड़ लिया।

घटना के बाद रेजीडेंट डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए अस्पताल अधीक्षक को लिखित शिकायत दी तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीटीवीएस यूनिट हेड डॉ. रामगोपाल यादव भी एसएमएस थाने पहुंचे और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में जूनियर डॉक्टरों से वार्ता कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में देर शाम तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बैंकों में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करे सरकार : सूरजभान सिंह आमेरा

**जयपुर**। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन के जनरल कौंसिल सदस्य तथा ऑल इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक एम्पलाईज फैडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज भान सिंह आमेरा ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग उठाई है। बैंक कर्मचारी नेता आमेरा का कहना है कि, वैश्विक युद्ध संकट के बीच भारत देश में ईधन बचत के लिए यह निर्णय अहम कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक युद्ध संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता, आपूर्ति श्रृंखला और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचत और विदेशी मुद्रा संचय का आव्हान किया है।



संयोजक महेश मिश्रा ने कहा कि हम देश की 1.29 लाख शहरी-ग्रामीण बैंक शाखाओं में काम करने वाले 16.50 लाख बैंक कर्मचारी-अधिकारी, प्रधानमंत्री के संदेश का समर्थन करते हैं। आमेरा ने बताया कि वर्तमान ईधन संकट में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह पूरी तरह से प्रासंगिक और आवश्यक है। ईंधन की बचत: देशभर के लाखों बैंककर्मियों का प्रतिदिन आवागमन बंद होने से पेट्रोल-डीजल की भारी बचत होगी, जो राष्ट्रीय संकट के समय महत्वपूर्ण है।प्रदूषण में कमी आयेगी, साप्ताहिक एक अतिरिक्त अवकाश से वाहनों का उपयोग घटेगा और कार्बन उत्सर्जन कम होगा। सहकार नेता आमेरा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानक में विश्व के अधिकांश देशों और भारत के बीमा, नाबार्ड, सेबी, केंद्र राज्य सरकारी विभागों, सरकारी उपक्रमों में पहले से ही 5 दिन का सप्ताह लागू है।

बैंकिंग क्षेत्र को भी इसके अनुरूप लाना समय की मांग है, इससे कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बैंककर्मियों को पर्याप्त विश्राम मिलने से कार्य क्षमता बढ़ेगी और ग्राहक सेवा और बेहतर होगी। डिजिटल और मोबाइल बैंकिंग, एटीएम के युग में सप्ताह में 5 दिन शाखा खुलना ग्राहकों के लिए भी पर्याप्त है।

यूएफबीयू के संयोजक महेश मिश्रा ने बताया कि 5 दिन के बैंक सप्ताह की माँग को लेकर शनिवार को देशभर के सभी बैंककर्मियों ने काली पट्टी, ब्लेक बेज धारण कर और काली ड्रेस पहनकर बैंक शाखाओं में विरोध जताया।